निगम भिलाई में पारदर्शिता के साथ लाटरी निकालकर 24 हितग्राहियो को आवास आबंटन किया गया

भिलाईनगर। आज नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित आवासों का आबंटन किया गया। सभापति गिरवर बंटी साहू एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में मकान के लिए लाटरी निकाला गया। लाटरी में वह नागरिक जो पूर्व से मकान के लिए आवेदन जमा किये थे एवं जिनका पात्र सूची में नाम था और उनके द्वारा मकान का 10 प्रतिशिन अंशदान की राशि निगम कोष में जमा किया गया था। उन हितग्राहियो को लाटरी में शामिल कर उनके नाम से एक-एक कर पर्ची निकालकर मकान आबंटन किया गया है। जिन हितग्राहियों के घर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजन थे, जिनके घर में दिव्यांग लोग हैं उन सभी को भूतल का मकान आवंटित किया गया।

सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया युनिट 667/493 में मोर आस के 02 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया युनिट 1120 में मोर आस एव ंचिन्हारी के 03 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे खम्हरिया में 17 मकान, एनार स्टेट खम्हरिया में 2 मकान इस तरह कुल 24 मकानो का आबंटन हितग्राहियो को किया गया। इनमे से 7 हितग्ररही संध्या पंचभाई, सुभाषनी प्रधान, अमित कुमार मांझी, समीर भटटाचार्य, कुंदन सराफ, कुंती देवी कुशवाहा, हेमासुन्दर देवी महतो को भूतल का मकान आबंटित किया गया है। कल्पना टांडी वृद्ध महिला ने बताया कि मेरी बड़ी इच्छा थी, कि मुझे नीचे का मकान मिले आज लॉटरी में मिला मैं बहुत खुश हूं कि प्रधानमंत्री आवास योजना में बुजुर्गों का ख्याल रखा जा रहा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को धन्यवाद देती हूं। नियम ही ऐसा बनाया गया है, कि बुजुर्गों के लिए दिव्यांगों के लिए नीचे का मकान मिले।

लाटरी के दौरान अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता वीनिता वर्मा, आवास प्रभारी विद्यायाधर देवांगन, आवास विभाग से किरण चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।